गोपनीय

एस0पी0 सिंह
विशेष कार्याधिकारी

26/अ0शा0प0सं0-22(7)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 22 फरवरी, 2014

प्रिय महोदय,

सिंचाई (यांत्रिक) विभाग के अन्तर्गत मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-1 के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 19.02.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता को मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-1 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. उपरोक्त प्रसतर-1 में पदोन्नति हेतु संस्तुत अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता की इसी चयन वर्ष में सेवानिवृत्ति की तिथि 28.02.2014 के दृष्टिगत, उपलब्ध हो रही एक परिणामी रिक्ति के सापेक्ष, पात्रता सूची के क्रमांक-3 पर अवस्थित अधिकारी श्री देवेन्द्र प्रताप जैन की मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-1 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की भी चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

3. चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त प्रस्तर-2 की संस्तुति के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश परिणामी रिक्ति के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर ही जारी किये जायेंगे।

4. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

5. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(एस0पी0 सिंह)

श्री दीपक सिंघल,
प्रमुख सचिव,
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in